## खबर संक्षेप

### वेयरहाऊस का मासिक निरीक्षण 5 मई को

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर ई.व्ही .एम. एवं व्हीलव्हीपैट के जिला स्तपरीय वेयरहाऊस का मासिक निरीक्षण 5 मई को दोपहर 2 बजे राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की मौजूदगी में किया जायेगा। अपर कलेक्टरर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्तेय ने भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यीक्ष दीपक टंडन सोनी, भारतीय राष्ट्री य कांगेस के जिलाध्य्क्ष करण सिंह चौहान, बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्य क्ष जागीर सिंह भट्टी एवं आम आदमी पार्टी के जिलाध्यीक्ष अनिल सिंह सेंगर को निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### समग्र ई-केवाईसी हेतु वार्डवार में लग रहे शिविर

**कटनी।** नगर निगम में वार्डवार शिविरों का आयोजन कर मिशन मोड में प्रत्येक नागरिक की समग्र से ई-केवाईसी का कार्य जारी है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में समग्र ई-केवाईसी के लिए नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए वार्डो में शिविर आयोजित कर इस कार्य से वंचित अधिक से अधिक नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण करने के प्रयास किए जा रहे है। शिविर के दौरान डोर टू डोर पहुंचकर नागरिकों से संपर्क किया जाकर ई केवाईसी नहीं कराने से शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं होने की जानकारी भी दी जा रही है। वार्डवार आयोजित हो रहे शिविरों के अनुक्रम में आज दिनांक 2 मई को नगर के 6 वार्डों में शिविर लगाये गए हैं, जिसके अन्तर्गत विवेकानंद वार्ड, डॉ ज़ाकिर हुसैन वार्ड,बाबा नारायण शाह वार्ड, हेमू कालाणी वार्ड,आचार्य कृपलानी वार्ड एवं संत कवरराम वार्ड के नागरिकों को निःशुल्क ईकेवायसी कराये जाने की सुविधा प्रदान की गई। नागरिकों की सुविधा को देखते हुए 3 मई को भी इन्ही वार्डों में शिविर आयोजित करते हुए नागरिकों को ईकेवायसी कराये जाने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

### अपहृत बालिका को इंदौर से किया गया दस्तयाब

**कटनी।** बरही पुलिस ने अपहृत बालिका को इंदौर से दस्तयाब किया। कागजी कार्यवाही के उपरांत बालिका को परिजनों के सुपुर्द किया गया। यह कार्यवाही पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा अपहृत बालक / बालिकाओ की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी विजयराघवगढ वीरेंद्र धार्वे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई । टीम द्वारा अपर्हत बालिका को इंदौर जाकर दस्तयाब किया गया है । दस्तयाबी उपरांत अपर्हत बालिका को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव , सउनि मीना धुर्वे, प्र.आर उदय पाल सिंह, पूरन सिंह की भूमिका रही।

## बरसात में जलप्लावन की समस्या से निपटने सभी आवश्यक इंतजाम पूर्ण करने अधिकारियों को दिए निर्देश

# सख्त हिदायतः लापरवाही की तो कार्यवाही तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने शुक्रवार को नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारी स्वच्छता संबंधी कार्यो का प्रातः निकाय क्षेत्रों का भ्रमण कर अमले द्वारा किए जा रहे कार्यो का निरीक्षण जरूर करें। नगर में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो इसलिए अभी से जल निकासी की व्यवस्था में स्वास्थ्य अमला जुट जाएं। मेनपावर, मशीनरी आदि सभी आवश्यक इंतजाम अभी से पूर्ण कर लिए जाएं। बैठक के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं विभाग के अन्य कर्मचारियों की मौजूदगी रही।



### समस्त वार्डों में फागिंग मशीन चलने तैयार करें कैलेंडर

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बैठक के दौरान नगर के समस्त 45 वार्डो में मच्छरों से निजात दिलाने फागिंग मशीन से धुआं किए जाने हेतु कैलेंडर तैयार करने तथा निर्धारित तिथि एवं समय पर फागिंग मशीन से धुआं कराने के निर्देश दिए। महापौर ने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि इस कार्य में वार्ड पार्षदों का सहयोग लिया जाए तथा रजिस्टर में क्षेत्रीय नागरिकों के हस्ताक्षर भी कराया जाए।

### मुक्तिधाम परिसर में रोजाना करें सफाई, कर्मचारी करें नियुक्त

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नदी पार स्थित मुक्तिधाम पहुंच मार्ग एवं मुक्तिधाम परिसर की सफाई हेतु 01 कर्मचारी पृथक से नियुक्त किया जाय। इसके अतिरिक्त नगर के अन्य स्थलों के मुक्तिधाम परिसर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु वार्ड के सफाई कर्मचारियों को निर्देशित करें।

### सफाई कर्मचारी रोजाना करें नालियों का निरीक्षण

वर्षा काल के दौरान वार्ड में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो, इस हेतु वार्ड के सफाई कर्मचारी नाली चोक होने वाले संभावित स्थलों की रोजाना जांच करें एवं सुगम बहाव हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। निरीक्षण के दौरान नाली में कचरा फेंकने वालों को समझाइश दें तथा नागरिकों से पृथक-पृथक सूखा एवं गीला कचरा संग्रहित करे।

बैठक के दौरान हॉका गेंग के माध्यम से किये जा रहे कार्यो कीटनाशक दवाइयों की उपलब्धता, फूल माला वाहन के कार्यों सहित वार्डो में नियुक्त सफाई कर्मचारी एवं उनके द्वारा किये जा रहे कार्य की गुणवत्ता आदि की जानकारी ली जाकर नगर की सफाई व्यवस्था के कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश महापौर ने दिये।

### मुख्य मार्गों में गंदगी फैलाने वालों पर होगा जुर्माना

महापौर श्रीमति सूरी ने बैठक के दौरान कहा कि नगर की सुचारू व्यवस्था हेतु मुख्य मार्ग पर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही करने हेतु अभियान चलाने के निर्देश महापौर ने दिये। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि वार्ड में दरोगा एवं स्वच्छता निरीक्षक जब निर्धारित समय पर उपस्थित होंगे, तभी सफाई कर्मचारी भी अपने दायित्व पर समय से उपस्थित होकर सफाई कार्य कर सकेंगे। इस हेतु अधिकारी कड़ाई करना सुनिश्चित करें। यह भी ध्यान रखें कि सफाई कर्मचारी निर्धारित यूनिफार्म एवं आवश्यक संसाधनों के साथ अपने दायित्व में उपस्थित हों।

### जल भराव की समस्या से निपटने तैयार करें ठोस प्लान

महापौर श्रीमती सूरी ने बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को ताकीद किया कि आगामी वर्षा काल में नगर के सभी नगरीय क्षेत्रों में चिन्हित जल भराव क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति निर्मित ना हो इसके लिए अभी से ही तैयारी करें संसाधन और टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर इन क्षेत्रों में जलभराव ना हो इसके लिए निष्कर्ष निकाले। जलभराव की समस्या से निपटने के लिए एक ठोस प्लान तैयार करें। जे.सी.बी मशीन एवं ट्रेक्टर ट्राल, आदि वाहना के टेंडर की कार्यवाही समय से पूर्ण कर ली जाये।

### कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 76 युवाओं को मिला रोजगार

**कटनी।** शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय कटनी में बीते 26 मार्च को आयोजित एकदिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान जिले के 76 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। इन सबको ऑपरेटिंग इंजीनियर प्रशिक्षु के पद पर नियुक्ति हेतु ऑफर लेटर प्रदान किया गया है। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र बड़ख़ेड़कर ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में प्रतिष्ठित निजी कंपनियों जैंसे कृष्णा मारूति लिमिटेड एवं एसकेएच ग्रुप ने युवा छात्र-छात्राओं का तकनीकी, लिखित परीक्षा और एचआर साक्षात्कार लिया था जिसके आधार पर युवाओं का नियुक्ति हेतु चयन किया गया है। प्लेसमेंट ड्राइव के आयोजन में जिला रोजगार अधिकारी डीके पासी और शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्लेसमेंट सेल की भूमिका सराहनीय रही है। प्राचार्य बड़ख़ेड़कर ने बताया कि चयनित छात्रों को अधिकतम 2.52 लाख रूपये वार्षिक और औसतन 2.23 लाख रूपये वार्षिक पैकेज के साथ ऑपरेटिंग इंजीनियर प्रशिक्षु पद के लिए ऑफर लेटर प्रदान किया है।

## जिपं सामान्य सभा की बैठक में कई अहम विषयों पर चर्चा

# छात्रावास के लिए उपलब्ध होने वाली भूमि पर किया जा रहा अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार को जिला पंचायत के सभागार में संपन्न हुई। जिसमें कई अहम विषयों पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा ने किया। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत मौजूद रहे।

बैठक में निर्माण कार्यों के भूमि पूजन एवं लोकार्पण के लिए जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने संबंधी समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए गए ताकि जनप्रतिनिधियों को प्रोटोकॉल के तहत आमंत्रित किया जा सके। जिला पंचायत कटनी के अंतर्गत आने वाली समस्त स्थाई समितियों की बैठक नियमित रूप से निर्धारित समय अवधि में नियमानुसार किए जाने के निर्देश दिए गए।

कटनी विकासखंड के पहाड़ी निवार, टिकरिया औद्योगिक क्षेत्र में बिना पूर्व सूचना के प्रतिदिन लाइट कटौती को लेकर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारियों से आवश्यक चर्चा कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही सिंचाई कार्य में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए भी विद्युत विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिसमें अधिक हॉर्स पावर के बिल संबंधी होने वाली समस्या के निराकरण पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

विकासखंड ढीमरखेड़ा की ग्राम सिलोड़ी के निगाई में कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास के लिए उपलब्ध होने वाली भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को अलग करने और सभी शासकीय स्कूलों की व्यवस्था सुधार, जर्जर भवनों की मरम्मत आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा बैठक में की गई।।

सामान्य सभा की बैठक में उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, जिला पंचायत सदस्य रीना लोधी, प्रदीप त्रिपाठी, कविता पंकज राय, अजय गोटिया, प्रिया सिंह, मोहिनी देवी पांडे, माला मौसी, सोनू मिश्रा, रघुराज सिंह, शीला सिंह, संगीता देवी, प्रेमलाल केवट, विधानसभा क्षेत्र विजयराघवगढ़ से विधायक प्रतिनिधि उदय राज सिंह, विधानसभा क्षेत्र बहोरीबंद से विधायक प्रतिनिधि अजय मिश्रा उपस्थित रहे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिशिर गेमावत ने समस्त उपस्थित अधिकारियों को सदन की कार्यवाही में लिए गए निर्णयों का पालन करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, सहायक प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र राजेश पटेल, और जिला श्रम पदाधिकारी केबी मिश्रा, बिजली, मत्स्य, कृषि और स्वास्थ्य एवं वन सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

## मोटरपंप लगाकर नदी से खींच रहे थे पानी, किया जब्त



जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव द्वारा पेयजल परिरक्षण अधिनियम के तहत कटनी जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करते हुए सार्वजनिक जलस्रोतों का पेयजल के अलावा उपयोग करने पर रोक लगाते हुए आदेश जारी किया है एवं जारी आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही किये जाने के भी निर्देश दिए हैं। उक्त आदेश के परिपालन में नगर निगम कटनी द्वारा शुक्रवार को कटनी नदी में लगाये गए मोटर पम्पों को जब्त करने की कार्यवाही की जाकर दो किसानों राजू पटेल ग्राम घिनौची एवं हीरालाल यादव ग्राम घिनौची के मोटर पंप जब्त करने की कार्यवाही की गई प्रभारी अधिकारी जलप्रदाय द्वारा बताया गया कि आगे भी इस तरह की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# पुलिस की गिरफ्त में आया शातिर चोर, चोरी के दो वाहन किये गए बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है उसके पास से चोरी के दो दोपहिया वाहन भी बरामद किया गया है। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार वाहन चोरी करने वाले को पकड़ा।



पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना अंतर्गत जिला चिकित्सालय से एक पल्सर और एक स्कूटी अज्ञात चोर ने पार कर दी थी जिसकी शिकायत पर पुलिस ने कार्यवाही करतें हुए मों. यादनान पिता हाजी गुलाम अहमद 25 वर्ष निवासी भट्टा मोहल्ला को पल्सर और स्कूटी के साथ गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की हैं। मामले में पुलिस के द्वारा कार्रवाई की जा रही है साथ ही चोर के द्वारा किये गये अन्य कार्यों की भी पूछताछ की गईं। जिसके बाद अन्य चोरी के मामलों का भी खुलासा हो सकेगा। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के सामने पेश किया गया जहाँ से आरोपी को जेल भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही मे कोतवाली थाना प्रभारी अजय सिंह सहित आशीष दुबे, नीरज तिवारी, दीपक तिवारी, अनिल सेंगर, पुष्पराज सिंह, वीरेंद्र सिंह, विजय गिरी सहित अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में मनाया गया लाडली उत्सव कार्यक्रम

# लाड़ली लक्ष्मी और पोषण को लेकर किया जागरूक, बालिकाओं ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत शुक्रवार को महिला व बाल विकास विभाग द्वारा आगनबाड़ी केंद्रों में लाड़ली उत्सव मनाया गया। ढीमरखेड़ा विकासखंड में पंचायत स्तर पर लाडली उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। उमरियापान और पचपेढ़ी में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव कार्यक्रम के मौके पर आगनवाड़ी केंद्रों में रंगोली बनाकर सजावट की गई।उमरियापान में सरपंच अटल ब्यौहार, जनपद सदस्य शैलेन्द्र पौराणिक,उपसरपंच जागेश्वर सोनी और पचपेढ़ी आगनवाड़ी केंद्र में सरपंच शिवचरण पटेल और उपसरपंच विवेक मिश्रा ने कन्या पूजन के साथ उनका स्वागत किया। बालिकाओं को खीर पूड़ी खिलाई गई।सेक्टर सुपरवाइजर मंजू मिश्रा ने उपस्थित महिलाओं को लाड़ली लक्ष्मी योजना और पोषण संबंधी जानकारी दी।कम उम्र में विवाह न करने और भ्रूण हत्या बंद करने को लेकर जागरूक किया।इस मौके पर आगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की उपस्थिति रही।



### सरसवाही सेक्टर में भी कार्यक्रम का आयोजन

ढीमरखेड़ा विकासखंड के सरसवाही सेक्टर अंतर्गत पडरभटा ग्राम पंचायत में भी लाड़ली उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस मौके पर सरपंच सुनीता ठाकुर,समाजसेवी रामसिंह लोधी, सचिव गणपत सिंह, रोजगार सहायक प्रकाश पाल सहित अन्य ने कन्या पूजन किया। माताओं को लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सेक्टर सुपरवाइजर मंजू मिश्रा ने लाड़ली लक्ष्मी योजना और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर जानकारी दी। पोषण और स्वच्छता को लेकर जागरूक किया। इस मौके पर बालिकाओं ने पौधारोपण किया। बालिकाओं को खीर पूड़ी का भोजन कराया गया। इस दौरान आगनवाड़ी कार्यकर्ता सरस्वती पटेल, मंजू लता पटेल, सरोज मिश्रा, नाजनीन सहित महिलाओं और बालिकाओं की उपस्थिति रही।

## सामान्य सभा की बैठक में फर्जी अंकसूची से नौकरी करने का जिपं सदस्य ने किया खुलासा

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फर्जी अंकसूची से नौकरी करने का मामला गरमाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सदस्य अजय गौंटिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़वारा में जाली अंकसूची लगाकर सुपरवाइजर की नौकरी करने वाले सुदर्शन प्रसाद पाटकर पर कार्रवाई के लिए बैठक में मुद्दा उठाया। जिला पंचायत सदस्य अजय गौंटिया ने बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत रहे फर्जी अंक सूची के सहारे सुपरवाइजर पद पर नौकरी करने वाले बड़वारा निवासी सुदर्शन प्रसाद पाटकर के ऊपर कार्रवाई किये जाने की शिकायत जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी के समक्ष रखी। अजय गौंटिया ने फर्जी बाड़े का खुलासा करते हुए बताया की बड़वारा निवासी सुपर वाइजर सुदर्शन प्रसाद पाटकर ने स्वास्थ्य विभाग को गुमराह करते हुए जाली अंक सूची लगाकर स्वास्थ्य विभाग में नौकरी प्राप्त किया है व शासन से लाखों रुपये वेतन के रूप में प्राप्त किये हैं जिसकी वसूली करवाई जाए व जाली अंक सूची से नौकरी हासिल करने के आरोप में धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध किया जाए। जिस पर जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी द्वारा जांच करवाएं जाने व सम्बंधित व्यक्ति के ऊपर नियमानुसार सख्त कार्रवाई किये जाने के आदेश दिए हैं।

जिपं सदस्य अजय गौंटिया ने इस गम्भीर घोटाले का पर्दाफाश करते हुए बताया कि सुदर्शन प्रसाद पाटकर ने टाइपराइटर से फर्जी अंक सूची बनवाकर स्वास्थ्य विभाग में शासकीय नौकरी प्राप्त की है। सरकार से हर महीने वेतन आहरित किया है।

गौर तलब यह है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल बोर्ड के द्वारा जो भी अंक सूची जारी की जाती है उसमें माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के सचिव के हस्ताक्षर एवम शील मुहर लगी होती है एवम जिस स्कूल से परीक्षार्थी परीक्षा में सम्म्मलित होते हैं उस स्कूल के प्राचार्य के हस्ताक्षर एवम शील मुहर लगी होती है किंतु सुदर्शन प्रसाद पाटकर ने स्वास्थ्य विभाग में जिस अंक सूची को लगाकर नौकरी प्राप्त की है उसमें माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के सचिव एवम सम्बंधित स्कूल जनता हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य के हस्ताक्षर एवम शील नहीं लगी है जिससे स्पष्ट प्रमाणित होता है कि सुदर्शन प्रसाद पाटकर फर्जी अंकसूची के माध्यम से सुपरवाइजर पद पर नौकरी कर शासन से बेतन के रूप में लाखों रुपये हासिल किया है।

### संविलयन समाप्त करने उठाया मुद्दा

संविलयन को समाप्त करने के लिए भी जिला पंचायत सदस्य अजय गौंटिया द्वारा मुद्दा उठाया गया। शासन के आदेश का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र दिनांक 25,06,2013 एवम पत्र दिनांक 06,11,2017 के तहत मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश दिनांक 30,05,2017 पत्र दिनांक 20,09,2019 लोक शिक्षण संचालनालय के पत्र दिनांक 06,02,2016 एवम 21,06,2019 सम्बंधित निर्देशो द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 27 के प्रावधान के तहत शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में में नही लगाया जा सकता है इसके बावजूद भी शिक्षकों को अन्य विभागों के लगाया गया है जिन्हें उनके मूल विभाग में पदस्थ किया जाए जो भी अधिकारी शासनादेश का उल्लंघन कर शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों के लगवाएंगे उन पर शासन द्वारा कार्रवाई किये जाने के आदेश हैं।

### सीएमएचओ ने किया सत्यापित

जिला के मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी ने टाइपराइटर से बनवाई गई उस अंक सूची को सत्यापित कर दिया जो भोपाल से माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी ही नही की। अंक सूची में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के सचिव एवम जनता हायर सेकेंडरी स्कूल बड़वारा के प्राचार्य के दोनों के ही हस्ताक्षर एवम शील नही लगी है। नियम के अनुसार जिला के स्वास्थ्य विभाग के मुखिया मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी को सम्बंधित सुपरवाइजर की चरित्रावली स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों को भेजकर बर्खास्तगी करने के लिए विभाग को प्रतिवेदन भेजना था किंतु सब जानते हुए भी स्वास्थ्य विभाग के मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी का वरद हस्त संरक्षण सुपरवाइजर सुदर्शन प्रसाद पाटकर को प्राप्त था जिससे वह खुलेआम योग्यता न होते हुए भी स्वास्थ्य विभाग बड़वारा में सुपरवाइजर का कार्य कर वेतन आहरित करता रहा।

### कार्रवाई से बचने लिया स्वेच्छिक सेवानिवृत्ति

कार्रवाई से अपने आपको बचाने के लिए 31,03,2025 को स्वेच्छिक सेवा निवृत्ति लेने के लिए विभाग को पत्र लिखकर सुदर्शन प्रसाद पाटकर के द्वारा विभाग के उच्च अधिकारी को भेजा गया है।

# अमानत राशि की गई राजसात, निविदा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निर्धारित समयावधि उपरांत भी अनुबंध निष्पादित नहीं करने एवं निविदा शर्तो का पालन न करने पर निगमायुक्त नीलेश दुबे ने ठेकेदार दिलावर खान, भट्टा मोहल्ला कटनी को फारमेंस एवं अतिरिक्त परफारमेंस गारंटी की राशि जमा कराते हुये स्वीकृति निविदा निरस्त कर ठेकेदार की जमा अमानत राशि को राजसात करते हुये नगरपालिक निगम कटनी की निविदाओं में भाग लेने हेतु 02 वर्ष तक के लिए प्रतिबंधित किया है।

विदित हो ठेकेदार दिलावर खान को रामकृष्ण परमहंस वार्ड कमांक 34 बिलगवाँ रोड़ रिटर्निंग वाल निर्माण कार्य का एल.ओ.ए. दिनॉक 15.06.2023 को जारी करते हुये परफारेमेंस गारन्टी एवं अतिरिक्त परफारमेंस गारुटी की राशि जमा करते हुये 15 दिवस में अनुबंध करने हेतु सूचित किया गया था, परन्तु संबंधित ठेकेदार द्वारा समयावधि उपरान्त भी कार्य में रुचि नहीं दिखाते हुए अनुबंध निष्पादित नहीं किया। जिससे संबंधित ठेकेदार को कार्यालयीन पत्र के द्वारा भी 03 दिवस में अनुबंध किए जाने हेतु निर्देशित किया था किंतु संबंधित ठेकेदार द्वारा निर्देशों की अवहेलना करते हुए विकास कार्य को प्रभावित किया। जिसके चलते आयुक्त श्री दुबे ने ठेकेदार द्वारा निविदा शर्तों का पालन न करने के कारण परफारमेंस एवं अतिरिक्त परफारमेंस गारन्टी की राशि जमा करते हुए अनुबंध निष्पादित न करने की स्थिति में जमा अमानत राशि राजसात कर स्वीकृत उक्त कार्य की निविदा को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया है।

# विधायक संजय पाठक के कर्मचारी गोयनका ने रची कंपनी हड़पने की साजिश

**कंपनी के डायरेक्टरों के गिरफ्तारी को रोकने आईजी के पत्र पर हाईकोर्ट ने जताई हैरानी**

**सनमति जैन व सुनील अग्रवाल के गिरफ्तारी को लेकर कटनी पुलिस का कोतमा में डेरा**

**कंपनी हड़पने की साजिश हुई नाकाम**

हरिभूमि न्यूज, कटनी।

करोड़ों अरबों रुपये की हेराफेरी धोखाधड़ी करने जैसे संगीन आरोप कोतमा निवासी महेंद्र गोयनका सनमति जैन सुनील अग्रवाल पर लगे है। आज भले ही महेंद्र गोयनका रायपुर छत्तीसगढ़ में निवास कर रहा है लेकिन जन्म स्थान तो कोतमा ही है। बता दें कि कटनी की एक इस्पात कंपनी हड़पने का मास्टर माइंड महेन्द्र गोयनका की साजिश नाकाम हो गई है। कटनी मे विजय राघवगढ़ भाजपा विधायक संजय पाठक का पूर्व कर्मचारी रह चुका महेंद्र गोयनका कंपनी हड़पने का यह पूरा ताना बाना रचा था इस साजिश में शामिल कंपनी के 4 डायरेक्टरों की अपील हाईकोर्ट से खारिज हो गई है।

### आईजी की भूमिका संदेहास्पद

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार आरोपी सनमति जैन सुनील अग्रवाल आईजी द्वारा किये गए रिचार्ज पर ही कोतमा सहित अन्य जगह घूम फिर रहें थे। अब आईजी साहब ने कितने में रिचार्ज किया था ये रिचार्ज करवाने वाले ही बता सकतें है जिसकी अवधि समाप्त हो चुकी है। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत और न्यायाधीश विवेक जैन की युगलपीठ ने अपनें विस्तृत फैसले में कहा है कि आईजी वरिष्ठ अधिकारी होने के नाते सिर्फ मामलें का विवेचना अधिकारी बदल सकते हैं, लेकिन अग्रिम जमानत खारिज होने के बाद वे आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं रोक सकते। इसके साथ ही युगलपीठ ने डायरेक्टरों की अपील को खारिज कर दिया जिन पर महेन्द्र गोयनका के इशारे पर कटनी की एक कंपनी को हड़पने का आरोप लगा है। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद मामले में फरार चल रहे कंपनी के तीनों डायरेक्टरों की गिरफ्तारी होगी। गौरतलब है कि कटनी माधव नगर में रहने वालें हरनीत सिंह लाम्बा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करके जबलपुर आईजी के 9 अक्टूबर 2024 के उस पत्र को चुनौती दी थी, जिसके तहत सुप्रीम कोर्ट तक से अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त होने के बावजूद जबलपुर आईजी ने कटनी हरगढ़ में स्थित यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया लिमिटेड छत्तीसगढ़ के रायपुर में रहने वाले डायरेक्टर हिमांशु श्रीवास्तव, सन्मति जैन, सुनील अग्रवाल की गिरफ्तारी न करने के निर्देश दिए गए थे। बीते 22 अप्रैल को आईजी के 9 अक्टूबर 2024 को जारी पत्र को आड़े हाथों लेते हुए जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने न सिर्फ आईजी को तलब किया था, बल्कि कंपनी की रायपुर में 24 अप्रैल को होने





वाली एनुअल जनरल मीटिंग को रोकने के भी निर्देश डीजीपी को दिए थे। एकलपीठ के इसी फैसले को चुनौती देकर डायरेक्टर हिमान्शु श्रीवास्तव की ओर से यह अपील हाईकोर्ट में दाखिल की गई थी। अपील पर हुई सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता हरनीत सिंह लाम्बा की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह व सुश्री शमिला इरम फातिमा व राज्य सरकार की ओर से उप महाधिवक्ता स्वप्निल गांगुली हाजिर हुए! सुनवाई के बाद युगलपीठ ने एकलपीठ के आदेश को बरकरार रखतें हुए उस पर न सिर्फ दखल से इंकार किया, बल्कि हिमान्शु श्रीवास्तव की अपील को भी खारिज कर दिया।

### अब डायरेक्टरों की गिरफ्तारी तय

अपने विस्तृत आदेश में बेंच ने कहा है कि इस मामले में कंपनी डायरेक्टर हिमान्शु श्रीवास्तव, सन्मति जैन और सुनील अग्रवाल ने सुप्रीम कोर्ट तक से अपना भाग्य आजमाया, लेकिन उन्हें अग्रिम जमानत नहीं मिली। हर अदालत में जांच एजेन्सी का यही कहना रहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी जरूरी है। इस मामले में डायरेक्टरों से पूछताछ जरूरी है उनसे दस्तावेज भी प्राप्त करना है जिनके बिना फाईनल रिपोर्ट तैयार नहीं हो सकती। चूंकि आरोपियों को देश की सबसे बड़ी अदालत तक से राहत नहीं मिली है इसलिए तीनों डायरेक्टरों को कोई भी अंतरिम राहत नहीं दी जा सकती कोर्ट के इस फैसले के बाद तीनों डायरेक्टरों की गिरफ्तारी का रास्ता साफ हो गया है। नहीं हो सकेगी कंपनी की मीटिंगअपने फैसले में हाईकोर्ट ने साफ किया है कि रायपुर में होने वाली कंपनी की एजीएम मीटिंग पर एकलपीठ ने रोक लगाई थी। फिलहाल यह विवादित है कि कंपनी डायरेक्टर पद से हरनीत सिंह लाम्बा और सुरेन्द्र सिंह सलूजा ने इस्तीफा दिया या नहीं। अभी जो इस्तीफा सामने आया है उस पर दोनों ने सवाल उठाकर एफआईआर दर्ज कराई है। चूंकि हरनीत सिंह और सुरेन्द्र सिंह एजीएम मीटिंग में शामिल नहीं हो सकते, इसलिए उस मीटिंग पर रोक लगाने का एकलपीठ का आदेश एकदम सही है। ज्ञात हो कि जांच एजेंसी कुछ दिन पूर्व कोतमा स्थित निवास मे पहुंची थी जिस दौरान आरोपी न मिलने पर उसके परिजनों से पूछताछ की थी तथा आरोपी फरार हो गया था जिस पर जांच पुलिस खाली हाथ लौट गई थी।

## खबर संक्षेप

### नगर निगम के नये उपायुक्त होंगें शैलेश गुप्ता

**कटनी।** राज्य शासन के वित्त विभाग ने राज्य वित्त सेवा के 62 अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। इसके तहत नगर निगम कटनी में पदस्थ रहे उपायुक्त वित्त पवन कुमार अहिरवार का स्थानांतरण सहायक संचालक संस्थागत वित्तण भोपाल के पद पर किया हैं। वहीं शैलेश गुप्ता उपायुक्त वित्त नगर निगम बुरहानपुर का स्थानांतरण उपायुक्त वित्त नगर निगम कटनी के पद पर किया गया है। इसी स्थातनांतरण आदेश में सुरभित अग्रवाल को जिला पंचायत कटनी के लेखा अधिकारी पद पर स्थानांतरित किया गया है। श्री अग्रवाल अभी तक संचालनालय कोष एवं लेखा भोपाल में सहायक संचालक के पद पर पदस्थत रहे।

### अपहृत बालक को खोज परिजनों के किया सुपुर्द

**कटनी।** रंगनाथ नगर पुलिस ने अपहृत बालक को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के अनुसार फरियादी ने थाना मे आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका 10 वर्षीय बालक लापता है जिसका कोई पता नही चल रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी रंगनाथ नगर नवीन नामदेव ने तुरंत ही टीम को शहर के विभिन्न स्थानो एंव थाना क्षेत्र, मंदिरो में पता तलाश किया एंव आरएम के सभी जगह अपहृत बालक के संबध में पूछताछ की गई । कड़ी मशक्कतो के बाद अपहृत बालक को ढूंड़कर सकुशल परिजनो के सुपुर्द किया गया। परिजन द्वारा पुलिस की तत्परता की सराहना की गई उक्त घटना मामले में थाना प्रभारी नवीन नामदेव , सउनि विनोद चौधरी, सउनि बहादुर सिंह, प्रधान आरक्षक रामपाल बागरी , महिला आरक्षक रुचिका अग्रहरि, रमजान की भूमिका रही।

### हथियार लेकर घूम रहे बदमाश को पकड़ा

**कटनी।** झिंझरी क्षेत्र मे एक आदतन अपराधी सुनील उर्फ घन्टी बर्मन पिता कोदू बर्मन निवासी झिंझरी के द्वारा गंभीर वारदात करने की नियत से बका लेकर घूमते पाये जाने पर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से धारदार बका जप्त कर आरोपी को जेल भेजा। जानकारी के अनुसार 02/05/25 को मुखविर से सूचना मिली कि हीरा ढाबा के पीछे तलाब के पास गुलवारा मे एक व्यक्ति बर्मन लोहे का बका लिये घूम रहा है। कोई गंभीर वारदात घटित कर सकता है। सूचना पर पुलिस ने सुनील उर्फ घन्टी बर्मन पिता कोदू बर्मन निवासी झिंझरी को बका नुमा औजार के साथ गिरफ्तार कर आरोपी के विरुद्ध धारा 25 ए आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाई कर गिरफ्तार किया गया।

### मजदूर दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कटनी।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिलहरी के सरपंच के द्वारा मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 1 में को पूरे विश्व में मनाया जाता है इसका उद्देश्य श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करना उनका सम्मान देना और जागरूकता फैलाना है एवं उनके कार्य को बेहतर वातावरण देना है उन्होंने कहा पहले 19वीं साड़ी में मजदूरों को 12 से 16 घंटे तक काम करना पड़ता था परंतु इस शोषण और इस अमानवी व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाते हुए 1 में 1886 को शिकागो में हजारों मजदूरों ने आंदोलन किया और 8 घंटे कार्य की मांग की यह आंदोलन काफी हिंसक हुआ और बाद में 1 में को मजदूर दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाने लगा इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी दिव्यांशु के द्वारा भी बताया गया कि मजदूर को मजबूर समझना हमारी सबसे बड़ी गलती है वह खून पसीने की मेहनत से मजदूरी करता है और ऐसे लोग स्वाभिमानी होते हैं और अपने लगन से काम करते हैं इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे एवं संस्थान के सहायक कार्यक्रम अधिकारी फील्ड कोऑर्डिनेटर अजय पटेल एवं अनुदेशक सीता सोनी का योगदान रहा।

## सौंपे गए दायित्वों में घोर लापरवाही पर कलेक्टर ने की कार्यवाही

# दायित्व निर्वहन में लापरवाही एवं कार्यो में मनमानी उपयंत्री को पड़ी भारी, निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मनरेगा योजनांतर्गत विविध पैरामीटर्स एवं प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत स्वी कृत निर्माण कार्यों में रूचि नहीं लेने, लक्ष्यय की पूर्ति नहीं करने और बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के उपयंत्री उमेश हरदेनियां को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कलेक्टर श्री यादव द्वारा जारी निलंबन आदेश में उपयंत्री श्री हरदेनियां का मुख्या लय ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कटनी कार्यालय कार्यपालन यंत्री नियत किया गया है। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ताप की पात्रता होगी। कलेक्टलर श्री यादव के समक्ष उपयंत्री के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्तातव जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत द्वारा प्रस्तांवित किया गया था।

उपयंत्री हरदेनियां के विरूद्ध प्रस्ताशवित कार्यवाही में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लेबर बजट का लक्ष्य 89 हजार 330 के विरूद्ध 52 हजार 688 मानव दिवस रोजगार सृजित किए गये हैं, जो कि 58.98 प्रतिशत थी। श्री हरदेनियां उपयंत्री के सेक्टर में दिनांक 24 मार्च तक मात्र 58 हजार 547 ही मानव दिवस का रोजगार सृजित किया गया है। उपयंत्री श्री हरदेनियां उपयंत्री के प्रभार क्षेत्र के सेक्टर नन्हवारा कलां में पूर्व वित्तीय वर्षों के प्रगतिरत कार्य प्रदर्शित हो रहे हैं, जिसमें वित्तीय वर्ष 2021-22 तक एवं पूर्व के 60 कार्य, वर्ष 2022-23 के 12 कार्य एवं वर्ष 2023-24 के 27 कार्य कुल 99 कार्य हैं, जिन्हे समय सीमा में पूर्ण कराया जाना था, जो कि नहीं कराया गया है। उपयंत्री द्वारा सेक्टर नन्हवारा कलां में 72 कार्यों पर विगत एक वर्ष से शून्य व्यय है। 62 कार्यों पर विगत दो वर्ष से शून्य व्यय है, 50 कार्यों पर विगत तीन वर्षों से शून्य है। साथ ही ग्राम पंचायत देवरीमझगवां एवं गुडेहा में आंगनबाडी एवं ग्राम पंचायत नन्हवाराकलां में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत भी मूल्यांकन नहीं किया गया।

इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत उपयंत्री श्री हरदेनियां एवं सुपरवाईजर पीएएवाय, द्वारा सर्वे के प्रपत्रों में समय-सीमा में हस्ताक्षर नहीं किये जाते हैं, एवं आवास सर्वे 2.0 में किसी प्रकार का सहयोग नहीं दिया गया तथा आवास पूर्णता भी कम पायी गयी। उपयंत्री द्वारा ग्राम पंचायत के पीडब्लूएल प्रपत्रों पर भी कई बार दूरभाष पर सम्पर्क करने पर हस्ताक्षर करने में विलम्ब किया गया है। आवास प्लस के शासन स्तर से प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध श्री उमेश हरदेनियां द्वारा पंचायतो में जाकर भौतिक सत्यापन नहीं किया गया है, पीएम आवास की प्रगति की ओर घ्यान नहीं दिया जाता है, एवं आवास सबंधी जानकारी उपलब्ध नहीं करायी जाती है, योजनाओं की समीक्षा बैठक में बिना किसी तैयारी के उपस्थित होते हैं। ग्राम पंचायतों में भ्रमण नगण्य है, साथ ही आवास प्लस 2.0 की मानिटरिंग नहीं की जा रही है।

उपयंत्री की कार्यशैली के परिप्रेक्ष्य में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कटनी द्वारा जारी कारण बताओ सूचना पत्र का प्रतिउत्तर श्री हरदेनियां द्वारा समय-सीमा में प्रस्तुत नहीं किया गया। उपयंत्री को संबंधित को पूर्व में लक्ष्यानुरूप प्रगति प्रदाय करने विविध समीक्षा बैठकों, व्ही.सी. एवं अन्य संचार माध्यम से बार-बार निर्देशित किया गया, लेकिन संबंधित उपयंत्री द्वारा लेबर नियोजन में प्रगति लाने एवं कृषि आधारित कार्यों में व्यय बढ़ाने में कोई प्रयास नहीं किये गये न ही दिये गये निर्देशों का पालन किया गया है। जो कि श्री उमेश हरदेनियां द्वारा वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों की अवहेलना है, तथा निर्माण कार्यों की प्रगति के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता किया जाना स्पष्ट है। उपयंत्री श्री हरदेनिया द्वारा सेक्टर नन्हवाराकला द्वारा अपने कर्तव्य निष्पादन व्यवस्थित ढंग से नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण परिलक्षयित है कि श्री हरदेनियां अपने कर्तव्य पालन में सक्षम नहीं है, जिससे शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति न किये जाने से शासन की अतिमहत्वा,कांक्षी योजना का पूर्ण लाभ आम जनमानस को समय सीमा में प्राप्त नही हुआ। श्री हरदेनियां द्वारा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति नहीं कराया जाना, कारण बताओ सूचनादर्शी पत्र का जबाव समय सीमा में प्रस्तुत न किया जाना, बिना सूचना के अनुपस्थित रहना, इनके पदीय कर्तव्यों के विपरीत घोर उदासीनता एवं लापरवाही कदाचरण की श्रेणी में आता है। इसलिए उपयंत्री श्री हरदेनिया को तत्कानल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड जून में प्रथम चरण की परीक्षा करेगा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड इस वर्ष जून माह में प्रथम चरण की परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के अनुत्तीर्ण छात्रों के लिये श्रूक जाना नहीं योजना में कक्षा 10वीं और 12वीं के साथ आ लौट चलें कक्षा 10वीं, 12वीं, ओपन स्कूल परम्परागत परीक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं, आईटीआई समकक्ष कक्षा 12वीं, सीबीएसई ऑन डिमांड कक्षा 12वीं की परीक्षा 2 जून से 2 पारियों में की जा रही हैं।

प्रथम पारी में समस्त 12वीं कक्षा की परीक्षा तथा द्वितीय पारी में समस्त 10वीं, 8वीं और 5वीं की परीक्षा आयोजित की जा रही हैं। परीक्षा की समय-सारणी मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के पोर्टल पर उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिये ई-मेल या मोबाईल ऐप- mpsoseb और फोन नम्बर- 0755-2552106 से भी प्राप्त की जा सकती है।

### रूक जाना नहीं योजना

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल से अनुतीर्ण हुए विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण वर्ष खराब नहीं हो, इस उद्देश्य से राज्य शासन की अनुमति से रूक जाना नहीं योजना का संचालन मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा किया जा रहा है। इसमें माध्यमिक शिक्षा मंडल में नियमित और स्वाध्यायी (प्रायवेट) रूप से शामिल अनुतीर्ण विद्यार्थियों को उसी वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण करने का अवसर प्रदान किया जाता है, जिसमें वे परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद पुन मुख्य धारा से जुड़ सकें। इस योजना का लाभ लेकर कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी अपनी-अपनी कक्षाओं में उत्तीर्ण करके उच्च अध्ययन के लिये अन्य संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

रूक जाना नहीं योजना में ऐसे विद्यार्थी, जो माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल अथवा सीबीएसई बोर्ड में वर्तमान सत्र की परीक्षा में अनुतीर्ण हो गये हों अथवा किसी कारणवश आवेदन करने के बाद भी परीक्षा से वंचित रह गये हों, ऐसे विद्यार्थी को अनावश्यक एक वर्ष खराब होने से बचाने के लिये बोर्ड द्वारा माह जून में पुन उन्हीं के पाठ्यक्रम एवं ब्लू प्रिंट के आधार पर परीक्षा आयोजित की जाती हैं। परीक्षा समाप्ति के अधिकतम एक माह अर्थात जुलाई माह में विद्यार्थी का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जाता है, जिससे विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को निरंतर कर सके। कोई विद्यार्थी यदि इस परीक्षा में सफल नहीं हो पाता है, तो माह दिसंबर में राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा पुन मौका दिया जाता है।

**लाडली लक्ष्मी उत्सव के तहत जिले भर में हुए विविध आयोजन**

## परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शासन के महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार शुक्रवार को लाड़ली लक्ष्मी योजनांतर्गत लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का आयोजन जिला स्तर, परियोजना स्तर एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में किया गया। दो मई को लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं, अभिभावकगणों, जनप्रतिनिधियों, समाज के गणमान्य नागरिकों एवं विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उत्साहपूर्वक लाड़ली लक्ष्मी उत्सव के रूप में मनाया गया ।

जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सीमा जैन सोगामी जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, नीलिमा असोदिया, डॉ. उषा पाण्डेय, योगेश बघेल अध्यक्ष बाल कल्याण समिति एवं आर बी गुप्ता सदस्य किशोर न्याय बोर्ड के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना की हितग्राही बालिकाओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। बालिकाओं समद्धि पाण्डेय, खुशी राय एवं लक्ष्मी कोरी द्वारा उद्बोधन दिया गया एवं लाड़ली लक्ष्मी क्लब की गतिविधियों के संबंध में अनुभव साझा किए गए। साथ ही लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं द्वारा श्एक पेड़ लाड़ली के नामश अंतर्गत लाड़ली लक्ष्मी वाटिका मे पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में नयन सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, वनश्री कुर्वेती एवं मनीष तिवारी संरक्षण अधिकारी की विशेष उपस्थिति रही।

बहोरीबंद में संतोष कुमार सरपंच एवं सुखदेव यादव उपसरपंच के आतिथ्य में परियोजना स्तरीय लाड़ली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन सतीश पटेल परियोजना अधिकारी बहोरीबंद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 11वीं.एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं का सम्मान एवं श्एक पेड़ लाड़ली के नामश अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया गया। ढ़ीमरखेड़ा में लाड़ली उत्सव के आयोजन में बालिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की जानकारी दी गई एवं वृक्षारोपण किया गया ।

रीठी में परियोजना स्तरीय लाड़ली उत्सव का आयोजन डॉ हनीफ खान सरपंच के आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में लाडली बालिकाओं का कन्या पूजन, लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं को प्रमाण-पत्र वितरण एवं वृक्षारोपण किया गया। बड़वारा में जनपद सभाकक्ष में अध्यक्ष जनपद बड़वारा, उपाध्यक्ष जनपद बड़वारा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद बड़वारा द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को पुरूस्कृत किया गया। विजयराघवगढ़ में लाड़ली लक्ष्मी उत्सव अंतर्गत कन्या पूजन, प्रमाण-पत्र वितरण लाडली लक्ष्मी बालिकाओं का सम्मान एवं वृक्षारोपण किया गया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चौपाल चर्चा




जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था आस्था नवनिर्माण सेवा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, हथकुरी मझगवां के संयुक्त तत्वावधान में जल गंगा संवर्द्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम मझगवां में चौपाल चर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह की उपस्थिति में अनेक महत्त्वपूर्ण विषयों पर विमर्श हुआ। उन्होंने प्रस्फुटन ग्राम में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में संस्कार केंद्र प्रारंभ करने के लिए आवश्यक समन्वय करने पर बल दिया। चर्चा के दौरान जल संरचनाओं के आसपास फैली गंदगी को स्वच्छ रखने, आदर्श ग्राम निर्माण, जन सूचना केंद्र तथा वाचनालय स्थापना पर भी गहन विचार–विमर्श किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम मंदिर परिसर में स्थित कुएं का निरीक्षण भी किया गया।

## वन समितियों के सदस्यों को अश्वगंधा की खेती पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



देवारण्य योजना के तहत गुरूवार को जिला आयुष कार्यालय में जिला स्तरीय वन समिति के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में जिला आयुष अधिकारी डॉ. रितु द्विवेदी ने भगवान धन्वंमतरी की पूजा अर्चना की एवं वन समिति के सदस्यों को योजना के उद्देश्य एवं प्रशिक्षण की आवश्यकता के विषय में आयुष विभाग द्वारा संचालित योजना की रूप रेखा से अवगत कराया। इसके पश्चात जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य अंतर्गत वन समिति के सदस्यों को 'एक जिला एक औषधि योजना के तहत अश्वगंधा की खेती संबंधी प्रशिक्षण प्रदान दिया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में औषधीय पौधों की खेती को प्रोत्साहित किया गया और स्थानीय वन समीतियों को सशक्त बनाने के महत्वे के बारे में बताया गया।

जिला आयुष कार्यालय में उपस्थित वन समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को मास्टर ट्रेनर डॉ. प्रशांत कुमार एवं मास्टर ट्रेनर डॉ. हेम सिंह द्वारा अश्वगंधा की खेती एवं उसकी बुवाई, सिंचाई, कटाई एवं विपणन के बारे में विस्तार से जानकारी की गई। साथ ही मास्टर ट्रेनर्स ने वन समिति के सदस्यों को अश्वगंधा की खेती के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान मास्टवर ट्रेनर्स ने अश्वगंधा के शारीरिक एवं मानसिक उपयोगों के विषय में वन समिति के सदस्यों द्वारा पूछे गये सभी सवालों के जवाब संतुष्टि पूर्ण तरीके से दिये।

अश्वगंधा की खेती से किसान स्वयं को कैसे आर्थिक रूप से मजबूत कर सकता है के विषय में भी विस्तार से चर्चा की गई।

**स्मृति चिन्ह प्रदान कर उपायुक्त पवन अहिरवार को दी गई विदाई**

## टीम भावना से कार्य करने में जनप्रतिनिधियों सभी अधिकारियों-कर्मचारियों का रहा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




नगर निगम उपायुक्त पवन अहिरवार का कार्यालय आयुक्त संस्थागत वित्त भोपाल में सहा संचालक के पद में स्थानांतरण होने पर नगर निगम कटनी के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी, कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई देकर उनके उज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।

विदाई समारोह में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक,आयुक्त नीलेश दुबे,एमआईसी सदस्य बीना बैनर्जी,सुभाष साहू,डॉ रमेश सोनी,जयनारायण निषाद, पार्षद शकुंतला सोनी,शशिकांत तिवारी, उमेन्द्र अहिरवार,पूर्व पार्षद राजकिशोर यादव,जीवन चौधरी ,कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक,सहा यंत्री आदेश जैन,सुनील सिंह,अनिल जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी,समस्त उपयंत्री सहित नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

श्री अहिरवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि कटनी नगर निगम में उपायुक्त के रूप में उनके 39 माह के कार्यकाल में सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योजनाओं के क्रियान्वयन में भरपूर सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कहा कि निगम की योजनाओं एवं कार्यों का सुचारू संचालन संपादन कराने में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जो दायित्व एवं कार्य सौंपा गया, उसे टीम भावना के साथ पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ सभी के सहयोग से ही अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने का प्रयास किया।

निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने अपने उद्बोधन में उपायुक्त पवन अहिरवार के कुशल कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि नगर निगम से अच्छे अधिकारी का स्थानांतरण होना दुख का विषय है। आयुक्त नीलेश दुबे ने अपने उद्बोधन में उपायुक्त पवन अहिरवार के कुशल नेतृत्व और सरल व सहज स्वभाव की सराहना की और कहा कि निगम की श्री अहिरवार द्वारा निगम की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ रखने सहित राजस्व वसूली के बेहतर प्रयास सहित शासकीय योजनाओं के संचालन में कुशल नेतृत्व प्रदान किया गया है।

उन्होंने कहा कि स्थानांतरण शासकीय कार्य और प्रक्रिया का हिस्सा है, हमें विश्वास है कि यहाँ कार्य के दौरान मिले अनुभवों को भविष्य में उपयोग करते हुए आगे भी प्रभावी काम करेंगे।

### तेंदूखेड़ा बस स्टैंड पर नगर परिषद ने गर्मी में पेयजल तक की व्यवस्था नहीं की है

# बस स्टैंड पर यात्रियों को बैठने की नहीं है कोई सुविधा, यात्री प्रतीक्षालय बना नशेड़ियों का अड्डा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

यह कैसा बस स्टैंड जहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। ना यात्रियों के लिए बैठने के लिए व्यवस्था और ना ही पीने के लिए पानी। ऐसी गर्मी में होटल पर खड़े होकर यात्रियों को बसो का इंतजार करना पड़ता है। इतना ही नहीं यदि यदि यात्रा के लिए खड़े होने वाले यात्रियों ने होटल पर कुछ जलपान नहीं किया तो वहां पर भी दुकानदार खड़े नहीं होने देते है। ऐसी स्थिति में बेबस यात्री करें तो क्या करें केवल नगर परिषद की व्यवस्था के लिए अपना आक्रोश निकलते है। नगर में लगभग 25 वर्ष से अधिक हो गए हैं बस स्टैंड बने लेकिन व्यवस्था के नाम पर कुछ नहीं है। स्टैंड पर अव्यवस्थाओं के कारण महिला यात्री प्रतीक्षालय में बैठना पसंद नहीं करती है।

## दो भागों में विभाजित है बस स्टैंड

नगर का बस स्टैंड दो भागों में विभाजित है एक तरफ दमोह जाने वाली बसो के लिए स्टैंड बना है तो दूसरी ओर जबलपुर जाने वाली बसों के लिए स्टैंड बना हुआ है पर अधिकांश बसें बस स्टैंड की जगह मुख्य मार्ग की सड़क पर खड़ी हो रही है। जिस कारण मुख्य मार्ग पर जाम की रहता है लेकिन इस व्यवस्था को दूर करने के लिए प्रशासन कोई भी कारगर कदम नहीं उठाया गया है। इससे जाम की आये दिन समस्या बढ़ती जा रही है। वैसे नगर का बस स्टैंड लंबे समय से अव्यवस्था का शिकार है। यहां से प्रतिदिन सागर जबलपुर दमोह छतरपुर टीकमगढ़ देवरी महाराजपुर रहली पाटन भोपाल इंदौर सहित अन्य स्थानों के लिए बसें जाती हैं। अधिकतर बसें बस स्टैंड पर आते-जाते समय मुख्य सड़क पर जगह-जगह रूकती हैं। इससे यात्रियों को चढ़ने और उतरने के कारण जाम लग जाता है, लेकिन इन बस चालकों को जाम लगने की समस्या से कतई सरोकार नहीं रहता है। जाम लगने के कारण कई दुर्घटनाएं भी घट चुकी हैं फिर भी प्रशासन इस समस्या को हल करने में रुचि नहीं दिखा रहा है पुलिस प्रशासन द्वारा कुछ कार्रवाई नही की जाती है।

## इतनी गर्मी में प्याऊ तक नहीं खुली

बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए कोई सुविधा नहीं होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां यात्री प्रतीक्षालय तो बना है लेकिन सुविधाएं नहीं होने से यात्री इसका उपयोग नहीं कर रहे हैं। स्टैंड पर कोई पेयजल की व्यवस्था इस भीषण में गर्मी में नहीं जबकि इस संबंध में जब उपयंत्री भूपेंद्र सिंह से बात की गई तो उनका कहना था की मटके तो रखवा दिए गए हैं। पानी नहीं भरा गया होगा जबकि हकीकत यह स्टैंड पर पेयजल की कोई व्यवस्था ही नहीं है है। मटका तक नहीं रखे गए है है यात्रियों को ऐसी स्थिति में होटल व चाय नाश्ते की दुकानों के सामने खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## बेतरतीब ढंग से खड़ी की जा रही बसें

बस स्टैंड पर रोजाना 80 से अधिक बसों का आना-जाना लगा रहता है। यहां से जबलपुर सागर दमोह छतरपुर टीकमगढ़ भोपाल रहली देवरी पाटन शहपुरा महाराजपुर मार्ग की तरफ जाने वाली बसों का आना-जाना होता है। लेकिन स्टैंड पर पर्याप्त जगह नहीं होने से चालक कही भी बसें खड़ी कर देते हैं। इससे यातायात प्रभावित होता है। आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है, लेकिन बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों को रोकने वाला कोई नहीं है। लोग लंबे समय से समस्या से जूझ रहे हैं, लेकिन कभी नगर परिषद ने ध्यान नहीं दिया है और ना ही पुलिस ने यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की जहमत उठाई।

## फैल गया अतिक्रमण

बस स्टैंड पर अव्यवस्था होने के कारण महिलाओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वही रात्रि मै असमाजिक तत्वों के डेरे के कारण कई बार महिलाएं भी अपने आपको असुरक्षित महसूस करती है लेकिन नगर परिषद द्वारा आज तक इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है

**इनका कहना है**

प्रभारी नगर निरीक्षक नितेश जैन का कहना है कि कि जब दोनों तरफ के बस स्टैंड बने हुए हैं तो बसों को निर्धारित बस स्टैंड पर ही बसो को खड़ा करना चाहिए यदि बसें सड़क पर खड़ी हो रही हैं तो मैं दिखवाता हूं और चालक से बसों को बस स्टैंड के अंदर खड़े करने की समझाइश दिलवाता हूं।

नगर परिषद के उपयंत्री भूपेंद्र सिंह का कहना है कि गर्मी को देखते हुए बस स्टैंड पर पानी के मटके रखवा दिए गए हैं पानी नहीं भरा होगा मैं पानी भरने के लिए बोलता हूं।

# प्रधानाध्यापकों को दिया जा रहा लीडरशिप प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

विद्यालयों के सुव्यवस्थित और सफल संचालन के लिए स्टार प्रोजेक्ट अंतर्गत जिले के समस्त प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं के प्रधानाध्यापकों में लीडरशिप विकसित करने के उद्देश्य से राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं संस्थान भोपाल द्वारा शाला प्रबंधन एवं नेतृत्व विकास पर आधारित लीडरशिप प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से समस्याओं का निराकरण करने के उपाय से अवगत कराने एवं आमजन समुदाय को विद्यालय परिवार से जोड़ने के साथ विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुरूप शिक्षण प्रक्रिया अपनाने नवीन शैक्षणिक प्रक्रियाओं को लेसन प्लान में सम्मिलित कर प्रभावी शिक्षण करने के लिए समालोचनात्मक चिंतन विकसित करने प्रधानाध्यापकों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण प्रभारी एके सिंह,आरपी विश्वकर्मा,विजय बहादुर सिंह रामस्वरूप चौरसिया,विजय आदर्श,माधव पटेल,दिनेश प्यासी, निरन सिंह, राजेश उपाध्याय,विमल पटेल,रेखा सिंह द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में तकनीकी सहयोग मनीष दीक्षित और शिरीष चौरसिया द्वारा किया जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## ट्राली चोरी करने वाले शातिर चोर को किया गया गिरफ्तार

**अमानगंज।** दो अलग-अलग फरियादियों द्वारा दिनांक 25.04.2025 एवं दिनांक 30.04.2025 थाना अमानगंज उपस्थित आकर रिपोर्ट की गई की हम सभी लोग रात्रि मे खाना-पीना खाकर सो गये थे जब सुबह करीबन 06.00 बजे जागे तो घर के बाहर खड़ी ट्रेक्टर-ट्राली जिसमे से ट्राली नही थी केवल ट्रेक्टर खड़ा था। ट्राली को कोई अज्ञात चोर मेरे घर के बाहर से चोरी कर ले गये है। फरियादियों की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज मे अपराध क्रमांक 252/25 एवं 263/25 धारा 303(2) बी.एन.एस. का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया है एवं थाना प्रभारी अमानगंज निरी. माधवी अग्निहोत्री द्वारा उक्त घटनाओ की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस. थोटा द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये मामले मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. गुनौर एस.पी. सिंह बघेल के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अमानगंज के नेतृत्व मे पुलिस टीम गठित कर आरोपी की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर गठित पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी एवं चोरी गई ट्रॉली की लगातार तलाश पतारसी की गई एवं मामले से सायबर सेल पन्ना से सहायता प्राप्त की गई। जिसके फलस्वरूप थाना प्रभारी अमानगंज को मुखबिर द्वारा ट्राली चोरी की घटना मे ग्राम बगरोही थाना शाहगढ़ निवासी एक संदिग्ध व्यक्ति के शामिल होने की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा ग्राम बगरोही थाना शाहगढ़ जिला छतरपुर से एक संदिग्ध व्यक्ति दयाराम प्रजापति पिता नथुआ प्रजापति को अभिरक्षा मे लेकर घटना के सम्बंध मे कड़ाई से पूछताछ की गई। जिसपर उक्त व्यक्ति द्वारा ट्राली चोरी की घटना कारित किया जाना स्वीकार करते हुये बताया की मै और कल्लू उर्फ बलराम बाथम दोनो मिलकर किराये से किसी व्यक्ती का ट्रेक्टर लेकर रात्रि मे घर के बाहर रखी ट्रालियो को चोरी कर ले जाते थे

## अहंकार की सजा, भगवान श्री कृष्ण की कथा में छुपा जीवन का सबक



**बनवार।** परमात्मा श्रीकृष्ण आनंद के सागर हैं। भगवान अवतरित होते हैं, तो सारे बंधन टूट जाते हैं। भगवान श्रीकृष्ण जिस समय अवतरित हुए उस समय कारागार के सभी पहरेदार सो गए। मां देवकी और वासुदेवजी की बेड़ियां और हथकड़ी टूट गईं। हर तरफ उत्साह का अपूर्व वातावरण था। भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म रक्षा के लिए इस संसार में अवतार लिया।' उक्ताशय के उद्गार टिकरी ग्राम में में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास पंडित श्री उमाशंकर शास्त्री जी ने व्यक्तकिए। कथा में श्रीकृष्ण जन्म होते ही भक्तखुशी से झूम उठे। श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग का सजीव मंचन किया गया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने संसार के सभी प्राणियों को असुरों के अत्याचार से मुक्तकराने के लिए अवतार लिया। श्रीकृष्ण आनंद के सागर हैं। वे भक्तवत्सल हैं। कथा में श्रीकृष्ण जन्म प्रसंग के पूर्व उन्होंने भरत प्रसंग का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि इस संसार में जो भी अंहकार करते हैं, उनका पतन निश्चित होता है। इससे हमें यह सीखने को मिलता है कि हमें कभी भी अहंकार नहीं करना चाहिए और विनम्र रहना चाहिए अहंकारी प्राणियों को प्रभु की भक्ति भी नहीं मिलती। कंस को बहुत ही अहंकार था और भगवान के जन्म के बाद से ही वह बहुत भयभीत हो गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# आजाद अध्यापक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

दमोह के अल्प प्रवास पर निजी कार्यक्रम के चलते अध्यापकों के हित मे प्रदेश में काम करने वाले आजाद अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष भाई भरत पटेल का तेजगढ़ से गुजरने पर स्थानीय रेस्ट हाउस में फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अध्यापकों से कहा कि हम सभी संगठनों को, एकजुट होकर अध्यापकों की समस्याओं को हल कराने के लिए प्रदेश सरकार पर दबाव बनाया जा सकता है। अध्यापकों के लिए पेंशन एवं वरिष्ठता अति आवश्यक है। सरकार ने हमारी वरिष्ठता को शून्य कर हमारे साथ धोखा किया है एकता में ही संगठन की शक्ति होती है। अतः आप सभी हमारा सहयोग करें ,संगठन को मजबूत करें, हमें सफलता मिलेगी। इस मौके पर महेंद्र दीक्षित, मनोहर सिंह ठाकुर ,संदीप जैन, बाबूलाल अहिरवार ,धर्मचंद जैन ,भागीरथ पाठ भगवान दास अहिरवार ,चंद्र कुमार असाटी ,मुकेश झरिया, ज्ञानेंद्र सिंह, सुभाष झरिया, अनिल शर्मा ,वीरेंद्र सिंह ,शिवराज सिंह ,स्वदेशी जैन सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों की मौजूदगी रही।

# राज्य कर्मचारी संघ ने कैंडल मार्च के साथ शहीदों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है और सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग तेज होती जा रही है। गुरुवार की रात्रि नगर के चांदी की मंदिर परिसर में नेशनल मूमेंट फॉर ओल्ड पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के देश व्यापी अभियान एवं राज्य कर्मचारी संघ के द्वारा आतंकवादी घटना में शहीद हुए लोगों की याद में कैंडल मार्च के साथ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजली दी गई एवं दुखित परिवार के सदस्यों इस गहन संकट को सहन करने की शक्ति ईश्वर से प्रार्थना कर केंडल मार्च किया गया। श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से समस्त अध्यापकों के संरक्षक जितेंद्र सिंह राजपूत अध्यक्ष शासकीय अध्यापक संघ हटा, राज्य कर्मचारी संघ हटा ब्लॉक अध्यक्ष श्री बुद्धन तंतुवाय, पटेरा ब्लॉक अध्यक्ष गणेश प्रसाद शर्मा , कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमृत लाल अहिरवार सहित दिनेश प्यासी, जितेंद्र प्यासी, टीकाराम तंतुवाय, भागीरथ तंतुवाय, प्रकाश श्रीवास्तव, आनंद पटेल, जाकेश परेता, देवेंद्र यादव, कन्हैया लाल खरे, गणेश प्रसाद अहिरवार, दीपक अहिरवार, उत्तम अहिरवार, ओपी सोनी, ब्रजेश साहू, अरविंद नेमा, नितिन असाटी, सहित संघ के सदस्यों की सहभागिता रही । अंत में आतंकवादी घटना की कड़ी निंदा करते हुए श्रद्धांजलि सभा का समापन किया गया।

# आतंकी हमला करने वालों पर कड़ी कार्यवाही हो: मुस्लिम समाज




**दमोह।** कश्मीर के पहलगाम में आंतकियों के द्वारा कायरतापूर्ण हमले के विरोध में दमोह के समस्त मुस्लिम समाज ने देश के राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री से एक ज्ञापन के मध्यम से माँग की है कि पाकिस्तान के आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करे। हमारे देश के निर्दोष 26 पर्यटक शहीद हो गए जिससे सारे देश में गुस्सा है । मुस्लिम समाज दमोह के शहर काजी क़ुतुब अली, जश्ने ईदमिलादुन्नबी शहर कमेटी अध्यक्ष शहज़ाद खान के नेतृत्व में दमोह के मुस्लिम समाज ने आतंकवादी घटना की कड़ी निन्दा करते हुए हमले में शहीद हुए सभी पर्यटकों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएँ व्यक्त करते हुए भारत सरकार से माँग की है कि आतंकी हमलावरों व पाकिस्तानियों को सबक सिखाने के लिए ऐसे कदम उठाना सुनिश्चित करें कि भविष्य में भूल कर भी कोई आतंकवादी हमारे मुल्क की तरफ आँख उठाकर न देख सके। इसी बात को लेकर शहर दमोह के मुस्लिम समाज के लोग जुमें की नमाज़ के बाद जबलपुर नाका महाराणा प्रताप चौक पहुँचे, हाथों में पाकिस्तान और आतंकवाद मुर्दाबाद लिखे बैनर तख्तियां लिए कलेक्ट्रेट परिसर पहुँचे जहाँ राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा । जिसकी प्रतिलिपि देश के महामहिम राष्ट्रपति, गृहमंत्री भारत शासन दिल्ली एवं मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन , गृहमंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया ।

## पन्ना में होगा अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन

**पन्ना।** साहित्य संस्कृति और संवेदना की पवित्र भूमि हीरों और मंदिरों की ऐतिहासिक नगरी पन्ना एक अनूठे साहित्यिक इतिहास की साक्षी बनने जा रही है। पहली बार पन्ना में एक भव्य अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मंच संचालक के रूप में डॉ सुरेश सौरभ इस अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन की बागडोर संभालेंगे। यह कवि सम्मेलन हिंदी कविता को वैश्विक स्तर पर एक नया आयाम देगा। यह आयोजन न केवल पन्ना के साहित्यिक परिदृश्य को वैश्विक मंच से जोड़ने वाला होगा बल्कि हिंदी साहित्य प्रेमियों के लिए एक प्रेरणास्पद अनुभव भी सिद्ध होगा।

### भागवत कथा में छठवें दिवस हुआ रुक्मणी विवाह संपन्न...

# भगवान कृष्ण से सीखे प्रकृति प्रेम, नदियों पेड़ों की करें पूजा-पं वेदप्रकाश जी महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



समीपस्थ ग्राम रसीलपुर में कलेही माता प्रांगण मैं शिक्षक बालकृष्ण अठया परिवार द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है जिसमें कथा के छठवें दिवस पर कथा वाचक पंडित वेदप्रकाश शास्त्री जी महाराज ने श्री कृष्ण-रुक्मणि विवाह प्रसंग सुनाया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह को एकाग्रता से सुना। श्रीकृष्ण-रुक्मणि का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने विवाह के मंगल गीत गाए। महाराज जी की कथा में बताया कि गोपियों ने भगवान श्री कृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की, भगवान श्री कृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ। अंत में महाराज जी ने रुक्मणी विवाह के मंगलमय प्रसंग को आगे सुनाते हुए कहा कि पेड़ों के बिना जीवन की कल्पना दुर्लभ है। विदेशों में नदी, पर्वत और पेड़-पौधे को उपभोग की वस्तु माना जाता है, जबकि हम नदी और पेड़ों की पूजा करते हैं। इसके बाद भी वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से वायुमंडल और प्रकृति को कष्ट होता है। जिस तेजी से यह काम किया जा रहा है, इससे विनाश संभव है। हजारों साल पहले ही पता चला कि मानव जाति का अस्तित्व तभी तक है, जब तक नदियां, गौ माता और पेड़ विद्यमान हैं।

# मित्रता हो तो श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी

**दमोह।** मां दसोंदी धाम में आयोजित कथा के सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने विभिन्न प्रसंगों पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि सातवें दिन कृष्ण के अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मा देवकी को वापस देना सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्री कृष्ण सुदामा जी से समझ सकते हैं।उन्होंने कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र से सखा सुदामा मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुदामा द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं इस पर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना प्रभु सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठाया हुआ। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है। प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। कथा व्यास किशोरी जी ने कहा कि जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है उसका जीवन तर जाता है। शनिवार को सुबह हवन पूजन दोपहर से भंडारा आयोजित है आप सभी प्रसादी ग्रहण करने जरूर पधारें।। किशोरी जी की आगामी कथा 05 मई से 12 मई तक श्री बी एम हजारी जी जोरतला दमोह।

# खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**दमोह।** खेल और युवा कल्याण विभाग पथरिया के तत्वाधान में विधा भारती सरस्वती शिशु मंदिर के सहयोग से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन विधा भारती सरस्वती शिशु मंदिर खेल मैदान पथरिया में किया जा रहा है जिसका शुभारंभ किया गया ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में स्थानीय प्रचलित खेल खो-खो, कबड्डी एवं वॉलीबॉल खेलों का आयोजन खेल विभाग द्वारा एवं सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा कंप्यूटर हिंदी इंग्लिश टाइपिंग, चित्रकला, ब्यूटीशियन, डांस, जलेबी दौड़, पकड़म पकड़ाई, एथलेटिक्स, क्रिकेट, फुटबॉल, का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो भी प्रतिभागी प्रशिक्षण शिविर से में भाग लेना चाहता है वह खेल मैदान पर पहुंचकर अपना एंट्री फॉर्म प्राप्त कर प्रशिक्षण स्थल पर जमा कर भाग ले सकता है । ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य रूप महाराणा प्रताप शिक्षा समिति पदाधिकारी-मुरलीधर पटेल अध्यक्ष, डॉ. सुरेंद्र चौरसिया निदेशक रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय दमोह ,नंदकिशोर चौरसिया उपाध्यक्ष, संदीप कुमार जैन व्यवस्थापक, डॉ. कस्तूरी विश्कर्मा ,बाबूलाल सेन प्राचार्य, युवा समन्वयक संतोषी पटेल कपिल पटेल खो खो प्रशिक्षक, दिलीप चौधरी व्हालीबाल प्रशिक्षक , नर्मदा पटेल, गायत्री बड़कुल, प्रीति खटीक, रजनी विश्वकर्मा, वंदना दुबे ,रेखा पाली, नितिन मिश्रा, धर्मेन्द्र साहू, मनोज तिवारी, राजेश कुमार पाठक, अभिभावक, गणमान्य नागरिक, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### द्वारका जिला अध्यक्ष व आकाश कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त

**दमोह।** एससी महासभा के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. प्रवेंद्र चंद्राकर जी के निर्देशानुसार व राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सहमति से एससी महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी व एससी महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष इंजी. यावेन्द्र कुमार साकेत एवं पत्रकार निर्मल रोकडे की सहमति से एससी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एड. सूरज सखवार के द्वारा द्वारका प्रसाद अहिरवार को जिला अध्यक्ष ओर आकाश भारती को कार्यकारी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश महासचिव मनीष राज ने कहा कि समाज की एकता, अखंडता और जातिगत जनगणना के लिय महासभा कार्य कर रही है। साथ कार्यकारणी को मजबूत बनाने के लिए संगठन निर्माण पर जोर दिया जाएगा।

### वर-वधु के फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 8 मई तक बढ़ाई

**दमोह।** दमोह विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक मध्यप्रदेश सरकार के पूर्व वित्तमंत्री और दमोह विधायक जयंत मलैया के नेतृत्व में होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह/निकाह योजनान्तर्गत दमोह के कृषि उपज मंडी परिसर में 11 मई को होने वाले सामुहिक विवाह सम्मेलन के लिए वर-वधु के फार्म जमा करने कि अंतिम तिथि पूर्व में 02 मई निर्धारित की गई थी। जिसे बढ़ाकर अब 08 मई 2025 कर दी गई है।

### जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते अस्तित्व मिटने की कगार पर

# अस्तित्व पर संकटः जबेरा का सबसे प्राचीन बाणा तालाब दुर्दशा का शिकार

**प्राचीन तालाब के जीर्णोद्धार कराने प्रशासन से की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा





एक तरफ जहां प्रशासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत नवीन तालाब और अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जा रहा है एवं जल संवर्धन अभियान योजना के तहत प्राचीन जल स्त्रोतों की साफ सफाई और जीर्णोद्धार का कार्य कराया जा रहा है। तो वही दमोह जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत कहे जाने वाली जबेरा नगर का प्राचीन बांणा तालाब आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। कभी जबेरा नगर की सत्तर फीसदी आबादी का प्रमुख जल स्त्रोत रहे बांणा तालाब के जीर्णोद्धार के लिए आज शासन की कोई योजना लागू नहीं है और ना ही जन प्रतिनिधियों को इससे कोई सरोकार है। जिसके चलते यह प्राचीन तालाब वर्तमान में अपना अस्तित्व बचाने जूझ रहा है। जबेरा नगर के बीचों बीच कोंरता रोड पर स्थित यह प्राचीन बांणा तालाब एक समय अपनी शीतलता और सुंदरता के कारण नगर भर में प्रमुख जल स्त्रोत हुआ करता था। जहां जबेरा की अधिकांश आबादी का नहाने कपड़े धोने आदि का प्रमुख साधन हुआ करता था लोग तो यहां तक बताते हैं कि इसका पानी से नगर के अधिकांश घरों में दाल बनाने में उपयोग किया जाता था। इसके साथ ही गर्मियों में मवेशियों के पानी पीने का प्रमुख स्त्रोत यही हुआ करता था। किंतु जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते यह प्राचीन तालाब वर्तमान में बद से बदतर हालत में पहुंच चुका है। जहां कभी साफ स्वच्छ लबालब पानी भरा हुआ रहता था वहां अब कचरा एवं गंदगी भरी पड़ी है तो वही लोगों के निस्तार के लिए बने घाट क्षतिग्रस्त पड़े हैं तो कुछ पत्थर की फर्जियां लोगों द्वारा चुरा ली गई और तालाब की मेड़ के चारों ओर कटीली झाड़ियां और गंदगी भरी पड़ी है। नगर वासियों ने बताया कि जबेरा नगर के लिए यह प्राचीन बांणा तालाब हमेशा बहुत उपयोगी रहा है। जिसका सुधार कार्य एवं जीणोद्धार होना बहुत आवश्यक है क्योंकि गर्मियों में पानी के लिए लोग तो परेशान होते ही हैं साथ ही मवेशियों के लिए भी इसके अलावा पानी का कोई साधन नहीं है। वही जबेरा जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने मांग करते हुए कहा है कि जबेरा का सबसे प्राचीन बांणा तालाब कचरे के तालाब में तब्दील होता जा रहा है घाट क्षतिग्रस्त हो चुके हैं जिसका गहरीकरण एवं जीणोद्धार कभी नहीं हुआ है। जो तालाब कभी जबेरा वासियों के निस्तार का प्रमुख साधन था मवेशियों के पानी पीने का साधन था और तालाब भरे रहने के कारण लोगों का बहुत उपयोग होता था लेकिन प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की लापरवाही के कारण यह तालाब दुर्दशा का शिकार हो रहा है। जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजान सिंह ने शासन से मांग करते हुए कहा है कि अगर तालाब के घाट अच्छे से बन जाए और गहरीकरण हो जाए तो यह तालाब पुनः जलमग्न हो जाएगा वहां की सुंदरता बढ़ जाएगी। उन्होंने जबेरा जनपद सीईओ से मांग करते हुए कहा है कि जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस प्राचीन तालाब के जीर्णोद्धार के लिए इसे जल गंगा संवर्धन अभियान में जोड़ा जाए ताकि इस प्राचीन तालाब का अस्तित्व बचा रहे।

### लव जिहाद का मामला, युवती के साथ मिला युवक

# दूसरे नाम से लाज में रूके युवक पर मामला दर्ज

**दमोह।** भोपाल के चर्चित कॉलेज में लव जिहाद के चौंकाने वाले खुलासे के बाद प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में इस तरह की घटनाओं का सामने आने का दौर शुरू हो गया है इसी कड़ी में दमोह में भी लव जिहाद से जुड़ा एक बड़ा मामला सामने आया है। जिसमें दमोह जिले के बटियागढ़ क्षेत्र की एक युवती को बहला फुसलाकर शिव शर्मा के फर्जी नाम से एक होटल में रुके इसराइल मोहम्मद नाम के पन्ना जिले के गुनौर निवासी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया है। मामले में पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज करके आरोपी युवक से पूछताछ की जा रही है। गुनौर पन्ना क्षेत्र का निवासी इसराइल मोहम्मद नाम का यह युवक सोशल मीडिया के जरिए बटियागढ़ क्षेत्र की एक युवती को प्रेम जाल में फसाकर बहला फुसलाकर दमोह लेकर पहुचा। शिवा शर्मा के आधार कार्ड का उपयोग करके गुरूवार को एवरेस्ट लाज में रूका हुआ था। इसकी जानकारी जैसे ही हिंदू संगठनों को लगी उन्होंने सक्रियता दिखाने में देर नहीं की। पुलिस तथा युवती के परिजनों को सूचना दिए जाने के साथ ही उपरोक्त युवक से पूछताछ किए जाने पर अनेक चौकाने वाली जानकारिया सामने आई। उसके मोबाइल में कई युवतियों के साथ आपत्तिजनक फोटो और वीडियो मिले हैं। आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया है। यह पूरा मामला लव जिहाद से जुड़ा हुआ है। मामले में सीएसपी अभिषेक तिवारी का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जांच की जा रही है।

### हरसिद्धि माता मंदिर में हुई कलशों की स्थापना



**दमोह।** शहर के प्रमुख आस्था के केंद्र हरसिद्धि माता मंदिर में चले रहे भव्य व दिव्य आयोजन में प्रतिदिन विविध क्रियायें विधि विधान से पूरी हो रही है। आयोजन में शुक्रवार को 18 कलश स्थापित हुए। दानदाताओं ने अपने परिवार के साथ अपने-अपने कलश कीपूजन की और फिर कलश को स्थापित किया। सभी कलश जयपुर से बनकर आए है, कलश मे शुभचिन्ह त्रिशूल अंकित है। मुख्य शिखर का कलश के दानदाता महेश राय जी हैं और फिर चार ऊपर के सहायक कलश जिनके दानदाता कु ईरा गायत्री, प्रांजल राय, दूसरा भारत खटीक बगवार, तीसरा विशालआनंद खटीक कुसुमाकर, चौथा सुरेश अजय राय ने कलश का पूजन किया। फिर मंदिर के अंदर पंचमुखी हनुमान जी के ऊपर के तीनों कलश राजकुमार लता यादव द्वारा एवं गणेश जी मंदिर के मध्य का कलश कु गौरी राय के द्वारा दाएं तरफ का कलश आदित्य राय द्वारा एवं बाईं तरफ का कलश कु परी प्रज्ञा शिवहरे हमीरपुर द्वारा पूजन कर स्थापित किया गया है। मंदिर के गर्भ ग्रह के मुख्य कलश जो मां हरसिद्धि के ऊपर विराजमान है वह गुड्डू खटीक एवं दाएं तरफ का कलश देवेंद्र उस्ताद खटीक व बाये तरफ का कलश कपिल राजा खटीकके द्वारा किया गया। दाएं बाएं तरफ शेर के दोनों कलश सुश्री अनीता चौहान के द्वारा दिये गये। बाएं तरफ का कलश गोपाल निधि राय द्वारा दिया गयाऔरदाएं तरफ का कलश .जतिन संजय खटीक द्वारा किया। आज नौ शेर के रथ पर सवार देवी जी का अनावरण एवं महाआरती कार्यक्रम संपन्न होगा। वहीं कल रवि पुख्य योग में देवालय में विराजमान देवी देवताओं का सहस्तार्चन पूजन संपन्न होगा।

# भव्य और दिव्य कारिडोर के साक्षी बनने के लिए सबको यहां आना चाहिए- राहुल सिंह

**दिव्य और भव्य कॉरिडोर के कार्य का 09 मई को होगा भूमि पूजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रदेश के संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह, सांसद राहुल सिंह और दमोह विधायक जयंत मलैया ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के बांदकपुर आगमन को लेकर आज बांदकपुर में कार्यक्रम स्थल और मंदिर परिसर का जायजा लिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का 9 मई को अपराह्न 3:30 बजे आगमन प्रस्तावित है। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों के साथ एक बैठक ली और समुचित दिशा निर्देश दिए।

संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा आगामी 09 मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी बांदकपुर जागेश्वरनाथ कॉरिडोर का भूमि पूजन करेंगे। भूमि पूजन के लिए एक बड़ी रचना योजना पर्यटन विभाग के द्वारा बनाई थी, उसमें 100 करोड़ का यह बड़ा कॉरिडोर बनेगा और पांच चरणों में इसका काम पूरा होगा। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा प्रथम चरण का काम 09 मई के बाद से शुरू होगा। निश्चित रूप से विधायक जयंत कुमार मलैया और सांसद राहुल सिंह लोधी सबकी यह मंशा थी कि दिव्य और भव्य कॉरिडोर बनना चाहिए।

सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा पूरा जीवन हमारा आराध्य प्रभु जागेश्वरनाथ जी के आशीर्वाद से यहाँ पहुंचा है। आज एक वृहद बैठक श्री मलैया जी, श्री धर्मेंद्र जी, जिलाध्यक्ष जी और जिला प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधियों ने की हैं।

सांसद श्री लोधी ने कहा जागेश्वरनाथ भगवान के सभी भक्तों से आग्रह करता हूँ कि जिस प्रकार हम शिवरात्रि, वसंत पंचमी, सावन के सोमवार और हर सोमवार को यहाँ जल अर्पण करते हैं, ठीक उसी प्रकार आने वाली 09 मई को बांदकपुर कॉरिडोर का भूमि पूजन होने वाला है। जब स्वतः भगवान जागेश्वरनाथ जी ने यह तय किया है, उनकी इच्छा है, तो हम सबकी इच्छा उसमें होना चाहिए।

सांसद श्री लोधी ने सभी आमजन से आग्रह किया है कि भगवान हमारे हैं, हमारे आराध्य हैं, दमोह जिले के संपूर्ण व्यक्ति को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से उन्होंने कुछ दिया है, जब इतना भव्य दिव्य कॉरिडोर बन रहा है, तो उस पल के साक्षी बनने के लिए हम सबको यहाँ आना चाहिए। भोलेनाथ के भक्त बारात लेकर आते है, मैं सभी से पुनः आग्रह करता हूँ की 9 मई को अधिक से अधिक संख्या में हम सभी लोग यहाँ पहुंचे।

पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा 09 मई को बॉदकपुर कॉरिडोर का भूमि पूजन करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी यहाँ पर आ रहे हैं। उसी संदर्भ में राज्यमंत्री श्री धर्मेंद्र जी, सांसद श्री लोधी, जिलाध्यक्ष के साथ तैयारियों का जायजा लेने बादंकपुर आए हैं। सब में बहुत उत्साह है।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा भगवान जागेश्वर नाथ जी की कृपा से श्री जयंत भैया दमोह से विधायक हुए और धर्मेंद्र सिंह जी को मंत्री के रूप में एक बहुत अभूतपूर्व मंत्रालय जिसकी हम सबको आवश्यकता थी ऐसा मंत्रालय उनको मिला। श्री शिवहरे ने कहा 09 मई को लगभग अपराह्न साढ़े 3:30 बजे उनका बांदकपुर के इस स्थल पर आगमन होगा और भूमि पूजन कर सबको एक बहुत बड़ी सौगात देकर जाएंगे।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधि ,पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे।

# जाति जनगणना घोषणा भर नहीं उस पर अमल भी होना चाहिये- ज्योति पटेल



**दमोह।** विहार चुनाव पी.एम. मोदी द्वारा जाति जनगणना कराये जाने की घोषणा का लेकर कांग्रेस जनो ने राहुल गाधीं की अडिग लड़ाई और सामाजिक न्याय की ऐतिहासिक जीत जातिगत जनगणना से लेकन नीतिगत सुधारो तक भाजपा के झुकने को लेकर दमोह जिला मीडिया प्रभारी ज्योति पटेल ने जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारो से विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि जातिगत जनगणना कराये जाने को लेकर राहुल गांधी की स जुझारू और बुलंद आवाज का परिणाम है जिससे भाजपा सरकार को बार बार घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना को सामाजिक समानता का आधार बनाकर इसे न केवल राष्ट्रीय विमर्श का केन्द्र बनाया बल्कि भाजपा की दलित विरोधी नीतियो की पोल खोल दी है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि तेलंगाना के जातिगत सर्वेक्षण को एक पारदर्शी और समावेशी माडल के रूप में प्रस्तुत करते हुए उन्होंने 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा को हटाये जाने की मांग उठाकर भाजपा की दलित पिछड़ा वर्ग मानसिकता को ललकारा है। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि राहुल गांधी की दूरदर्शिता अथक संघर्ष और जनहित के प्रति उनकी अडिग प्रतिबद्वता की पुरजोर प्रशंसा की जा रही है। मनु मिश्रा, तिलक सींग, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, आशीष पटेल, राजेश तिवारी, प्रफुल श्रीवास्तव, शमीम कुरैशी, कमला निषाद, विक्रम ठाकुर, उवेद गौरी, डीपी पटेल, अरूण दुबे, आसिफ मिर्जा, खिल्लु ठाकुर, बबलू भट्ट ने भी कहा कि राहुल गांधी के द्वारा कृषि कानूनी की वापसी अग्निवीर योजना में सुधार ब्रांडकास्टिक सर्विसेज बिल की वापसी लेटटल एंट्री भर्ती रद्द रेलवे कुलियो की मांग नोटबंदी और कोविड 19 को देश की अर्थव्यवस्था को विनाशकारी बताया जो आरबीआई की रिपोर्ट में सही साबित हुआ। इस अवसर पर मानक अहिरवार, राकेश राय, इनायत अली, वकील कुरैशी सहित अनेकों कांग्रेसजनों और नगर के पत्रकारो की मौजूदगी रहीं।

### पांच दिवस के अन्दर पानी की उचित व्यवस्था नहीं होने पर ग्राम वासी करेंगे आंदोलन

# अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी नन्ही देवरी नहीं पहुंचा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खमरिया कला में शामिल आदिवासी टोला नन्ही देवरी में पानी की समस्या बढ़ती जा रही है पूर्व में ग्राम वासियों द्वारा उच्च अधिकारियों को पत्राचार किया गया था जिसके संबंध में उच्च अधिकारीयों द्वारा ग्राम नन्ही देवरी पहुंचकर ग्राम वासियों की समस्या सुनी थी लेकिन अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी पानी की आज तक उचित व्यवस्था नहीं की गई है जिसके कारण ग्रामवासी पुनः अधिकारियों के दरवाजे खटखटाने को मजबूर है। अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया था कि एक सप्ताह के भीतर ग्राम नन्ही देवरी को पानी पहुंचा दिया जाएगा। अधिकारियों के कहने अनुसार ग्राम वासियों ने चंदा जोड़कर नाली खुदवाने का कार्य दो दिवस के अंदर पूर्ण कर लिया गया था लेकिन आज तक पाइपलाइन बिछाने का कार्य नहीं हुआ है जिसके कारण ग्राम वासियों को विभिन्न प्रकार की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ग्राम वासियों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी तहसील तेंदूखेड़ा को पुनः पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है की पांच दिवस के अंदर पानी की उचित व्यवस्था नहीं की जाती है तो ग्राम वासियों द्वारा धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन किया जाएगा। गोकल मरावी ने बताया हमारे ग्राम में पानी की बहुत परेशानी है जिसके संबंध में कई बार अधिकारियों को अवगत कराया गया है। इसके बाद भी समस्या हल नहीं हो रही है पंचायत के माध्यम से दो टैंकर पानी दिया जा रहा है। एक सुबह एक शाम जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने बताया कि पानी की समस्या को लेकर अधिकारी स्वयं ग्राम नन्ही देवरी पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा की थी तथा उनके द्वारा आश्वासन दिया गया था कि एक सप्ताह के भीतर उक्त समस्या का हल कर दिया जाएगा लेकिन समय बीत जाने के बाद भी समस्या का निदान नहीं किया गया है। पानी की उचित व्यवस्था न होने के कारण बेजुबान जानवरों ने सैकड़ो की संख्या में दम तोड़ दिया है। उन्होंने बताया कि पानी की समस्या को लेकर शासन प्रशासन द्वारा जल्द ठोस नहीं उठाए जाते हैं तो ग्रामवासियों के साथ मिलकर धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन किया जाएगा। क्योंकि पानी की समस्या निरंतर बढ़ती जा रही है और जनमानस की अनदेखी करना ठीक नहीं है।



## भोपाल में प्रदर्शन मैच मे शामिल हुये ललित नायक

**दमोह।** सुबह भारतीय खेल प्राधिकरण सेंटर भोपाल मे साई कोच सरोज राजपूत ने साई सेंटर मे आयोजित प्रदर्शन मैच मे आमंत्रित किया। आभा ललित नायक ने सहभागिता कर खिलाडी बेटियो से मुलाकात की। खेले गये मैच मे साई ब्लू एवम साई रेड के बीच रोमांचक मैच हुआ जिसमे साई ब्लू ने साई रेड को तीन-दो गोल से पराजित किया। मैच निर्णायक प्रवीन अरशदीप रहे मैच मे साई के सीनियर कोच पी सुधाकरन प्रवीन शालिनी विश्वकर्मा विजय उपस्थित रहे। ललित नायक ने खिलाडियो को शुभकामनाये देते हुए भारतीय टीम मे उनकी सहभागिता हो वे देश का नाम रोशन करे। देश के विभिन्न प्रान्तो की बेटिया साई सेंटर भोपाल मे कोच शालिनी विश्वकर्मा सरोज राजपूत के दिशानिर्देशन मे गहन प्रशिक्षण प्राप्त कर भारतीय हॉकी टीम मे शामिल होने आठ से दस घंटे अभ्यास कर रही है। उक्त जानकारी राजेश सालोमन भगवान सिंह विजय ठाकुर ने दी है। साई सेंटर भोपाल मे सहायक निदेशक अशिका जैन से एस टी सी सेंटर दमोह मे खोले जाने का अनुरोध शालिनी विश्वकर्मा सरोज राजपूत के साथ किया उन्होंने सेंटर खोले जाने की जानकारी उपलब्ध कराई।

# दस टीबी मरीजों को फूड बास्केट की वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मध्यप्रदेश योग आयोग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री जिला योग प्रशिक्षण केंद्र दमोह के जिला योग समिति अध्यक्ष दीपक सिंह राजपूत का आज बटियागढ विकासखंड में आगमन हुआ। इस अवसर पर बटियागढ विकासखंड शासकीय योग प्रभारी डीसी बैन,ब्लॉक योग समिति अध्यक्ष रवि तिवारी,प्रहलाद सिंह ठाकुर सहित स्थानीय साथियों ने उपस्थित होकर जिला योग समिति अध्यक्ष राजपूत का प्रवास के दौरान स्वागत अभिनंदन किया। इसके पश्चात बीएमओ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बटियागढ डॉक्टर महेश लोधी, पिरामल जिला टीम लीडर श्री लॉरेंस रायबोले, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर श्री नरेश शुक्ला, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर श्री सुरेंद्र उपाध्याय, स्पूटम कलेक्शन एजेंट उत्तम सिंह सहित स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के स्टाफ से मुलाकात की। तत्पश्चात बटियागढ सीईओ अश्वीनी सिंह से भेंट कर प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टी बी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद पंचायत कार्यालय से 10 क्षय रोग मरीजों को शासन द्वारा जारी फूड बॉस्केट नवनियुक्त नि_क्षय मित्रों के द्वारा फूड बास्केट किट प्रदान की गई, इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग बटियागढ का आमला उपस्थित रहा।

# प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा पंचायत नामावली का सतत कार्य जारी



**दमोह ।** जनपद पंचायत हटा की सभी ग्राम पंचायत में पंचायत निर्वाचन नामावली के अद्यतीकरण का कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री राकेश सिंह मरकाम ने बताया ग्राम पंचायत हरदुआ सडक में निर्वाचन नामावली कार्य किया गया। श्री मरकाम ने बताया प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा निर्वाचन कार्य निरंतर 06 मई तक किया जाएगा। सभी संबंधित प्राधिकृत अधिकारी प्रातः 10:00 बजे से शाम 05 बजे तक उपस्थित रहकर मतदाताओं से परिवर्धन, निरसन एवं संशोधन फार्म प्राप्त कर करेंगे।

# 16 प्रतिमाओं की प्राप्ति रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय के महत्वपूर्ण



**दमोह।** प्राचीन पुरावशेष दौनी दमोह से रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय में प्राप्त हुए। दमोह जिले की पुरातात्विक एवं विरासत धरोहर के रूप में जाने जाने वाला स्थान ग्राम दौनी अपने प्राचीनतम सांस्कृतिक एवं सामरिक प्रमाणिकता की कहानी बयाँ करता यह स्थान अपनी प्राचीनतम धंरोहरो की प्राप्ति से स्वंय स्थानीय एतिहासिकता सिद्ध करता हैं। पुरात्तव संग्रहालय के प्रभारी सुरेन्द्र चौरसिया ने बताया आज पुनः 16 प्रतिमाओं की प्राप्ति रानी दमयंती पुरातत्व संग्रहालय के महत्वपूर्ण संकलन में उत्तरोत्तर इजाफा हुआ।